# न्यूज़लेटर

31 दिसंबर, 2025



## 2025 एक नज़र में

# भारत के लिए लड़ाई

राहुल गांधी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में प्रेम और सत्य की राजनीति को आगे बढ़ाया है, और इस साल भी उनका यही उद्देश्य रहा। वह पेपर लीक का विरोध कर रहे छात्रों, उचित व्यवहार की मांग करने वाले बहुजन सरकारी कर्मचारियों से मिले और छोटे व्यवसायों की परेशानियों को भी समझा।
उन्होंने वोट चोरी का भी पर्दाफाश किया और जाति जनगणना की मांग को देशव्यापी मुद्दा बनाने में मदद की। इस नए साल की शुरुआत के साथ, एक अधिक समावेशी भारत बनाने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

**14** राज्यों का दौरा

**8** संविधान सम्मान सम्मेलन

**7** संसदीय भाषण

**59** जन सम्बोधन

**6** प्रेस कॉन्फ्रेंस

**80** जन सुनवाई

**36** आधिकारिक कार्यक्रम

**27** जन संसद

**93** पार्टी कार्यक्रम



**इस न्यूज़लेटर में उनके इस साल के सफर के बारे में जानें।**

# संविधान की रक्षा




## लोकतंत्र पर हमले का पर्दाफाश

राहुल गांधी ने चुनावी प्रक्रिया में चौंकाने वाली हेराफेरी का पर्दाफाश किया, जिसमें 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में लगभग एक लाख फर्जी वोटर जोड़े गए थे।



## वोटर के अधिकारों की रक्षा

राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पूरे बिहार का दौरा किया, और चुनाव आयोग के जल्दबाजी में किए गए SIR के खिलाफ नागरिकों के साथ खड़े हुए, जिससे असली वोटर के वोट देने का अधिकार छिनने का खतरा था।

## वोट चोरी की फैक्ट्री का खुलासा

राहुल गांधी ने वोट चोरी के संगठित और योजनाबद्ध अभियान का खुलासा किया, जिसमें कर्नाटक के आलंद में असली वोटरों को हटाने की कोशिश और महाराष्ट्र के राजुरा में फर्जी वोटरों को जोड़ना शामिल था।




## ऑपरेशन सरकार चोरी को उजागर किया

राहुल गांधी ने खुलासा किया कि कैसे हरियाणा का चुनाव कांग्रेस और हरियाणा के लोगों से छीना गया, जिससे यह साबित होता है कि बीजेपी और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत से जनादेश को पलटने का कार्य किया गया था।





चुनाव की चोरी का पूरा खेल समझिए

राहुल गांधी

## महाराष्ट्र में मैच फिक्सिंग को सामने लाए

एक व्यापक रूप से पढ़े गए लेख के माध्यम से राहुल गांधी ने बताया, कि विधानसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र की मतदाता सूची में लाखों फर्जी वोटर चुपचाप जोड़ दिए गए।

## संसद में लड़ाई जारी रखना

संसद में बोलते हुए राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि वोट चोरी देश की बुनियाद पर हमला करती है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने चयन समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर, आयुक्तों को सजा से छूट प्रदान करके और 45 दिनों बाद सीसीटीवी फुटेज मिटाने का नियम बनाकर, चुनाव आयोग को कैसे कमजोर किया।





## संस्थाओं पर कब्ज़े के विरुद्ध संघर्ष

नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने प्रमुख संवैधानिक पदों पर पक्षपातपूर्ण नियुक्तियों के विरोध में औपचारिक असहमति दर्ज की, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य सतर्कता आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति शामिल है।

## सूचना के अधिकार को कमजोर करने के खिलाफ चेतावनी

राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं, संपादकों और शोधकर्ताओं के साथ चर्चा की, जिन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम और इसके माध्यम से सूचना के अधिकार कानून को कमजोर किए जाने की कोशिशों पर चिंता जताई।



# सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष

## जाति जनगणना की लड़ाई को आगे बढ़ाना

कांग्रेस और बहुजन कार्यकर्ताओं के वर्षों के लगातार दबाव के बाद, राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की जाति जनगणना पर अनिच्छापूर्ण सहमति का स्वागत किया।






## जाति जनगणना के लिए मिसाल बनना

राहुल गांधी ने तेलंगाना सरकार को जाति जनगणना को सफलतापूर्वक कराने के लिए बधाई दी। इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर और राष्ट्रीय जाति जनगणना के लिए एक मिसाल बताया। उन्होंने आरक्षण पर 50% की दीवार को हटाने की ज़रूरत को दोहराया, और ऐसा करने के तेलंगाना के प्रयासों का समर्थन किया।



## एससी और एसटी सब-प्लान को मजबूत करना

राहुल गांधी ने दलित और आदिवासी कार्यकर्ताओं तथा शोधार्थियों से संवाद कर अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण के लिए निर्धारित फंड के कम उपयोग की समस्या को उठाया और संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत केंद्रीय कानून की आवश्यकता पर जोर दिया।



## भारत की रीढ़ को मान्यता

राहुल गांधी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, जिन्होंने अपने ज़रूरी योगदान के बावजूद सम्मान, उचित वेतन और पहचान की कमी के बारे में बात की।



## ओबीसी के लिए न्यायसंगत प्रतिनिधित्व की मांग

संसद में राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण परिसंघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, जिन्होंने सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लगातार कम प्रतिनिधित्व की बात उठाई।



## बहिष्कार की एक संरचना

राहुल गांधी ने दलित इन्फ्लुएंसर्स के साथ बातचीत कर शिक्षा और कॉरपोरेट नेतृत्व से दलितों को बाहर रखने वाली संरचनात्मक बाधाओं पर चर्चा की।

# एक सफल अर्थव्यवस्था की नई कल्पना



## नौकरियों के जरिए विकास को परिभाषित करना

लोकसभा में राहुल गांधी ने तर्क दिया कि सच्ची आर्थिक सफलता का पैमाना रोजगार सृजन होना चाहिए। उन्होंने मेक इन इंडिया की आलोचना की क्योंकि यह नौकरियां पैदा करने और मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने में नाकाम रहा। उन्होंने जोर दिया कि भारत को इलेक्ट्रिक मोटर्स, ड्रोन में ऑप्टिक्स, बैटरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में नेतृत्व करना होगा।



## भारत की विनिर्माण चुनौतियों को उजागर करना

एक टीवी निर्माण इकाई के दौरे के दौरान राहुल गांधी ने चेताया कि वास्तविक विनिर्माण क्षमता विकसित किए बिना भारत चीन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता।



## बिहार के मछुआरों की बात सुनना

मछुआरों के साथ पानी में उतरकर राहुल गांधी ने उनकी सुरक्षा, उचित दाम और मछुआरा समुदायों के सम्मान की मांगों को आवाज़ दी।



## भारतीय टैलेंट को पहचाना

नेहरू प्लेस में राहुल गांधी ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भारत असल में प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग नहीं करता, बल्कि उन्हें केवल असेंबल करता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत तभी मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बन सकता है, जब छोटे उत्पादकों को वित्तीय और मैन्युफैक्चरिंग सहायता देकर उन्हें मज़बूत बनाया जाए।



## क्रोनी कैपिटलिज़्म को चुनौती

राहुल गांधी ने बिहार के भागलपुर भूमि सौदे की ओर ध्यान दिलाया, जहां सरकार ने किसानों की जमीन छीनकर उसे ₹1 में अडानी को बेच दिया। उन्होंने जीएसटी नीतियों की भी आलोचना की, जिससे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव पड़ा है।



## मखाना से असल मुनाफा किसे

बिहार के मखाना किसानों से मुलाकात में, राहुल गांधी ने उस गहरे अन्याय को उजागर किया, जिसमें दुनिया के 90% मखाने का उत्पादन बिहार करता है, लेकिन किसानों को मुनाफे का 1% से भी कम मिलता है।

# भविष्य का निर्माण



## दिखावे वाला नहीं, साहस वाला नेतृत्व

पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर बात करते हुए राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि विदेश नीति की गंभीर नाकामियों ने भारत को अकेला छोड़ दिया है, जबकि पाकिस्तान और चीन एक साथ आ गए हैं।



## मातृभूमि पर कब्ज़े के बावजूद हाथ मिलाने पर सवाल

राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब चीन भारत की जमीन पर कब्ज़ा कर रहा है, तब भी सरकार चीन के साथ राजनयिक संबंधों का जश्न मना रही है।

## वायु प्रदूषण को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना

राहुल गांधी ने ज़हरीली हवा को सार्वजानिक स्वास्थ्य का संकट बताया और संसद से भारत की हवा को फिर से सांस लेने लायक बनाने के लिए शहर-वार एक स्पष्ट योजना बनाए जाने की अपील की।





## बदलती दुनिया के लिए युवाओं को तैयार करना

राहुल गांधी ने नागालैंड के युवाओं से बातचीत की, और इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत का भविष्य अडाप्टेबिलिटी , टेक्नोलॉजी और विविधता पर आधारित शिक्षा पर निर्भर करता है।

## अंग्रेजी शिक्षा को रोज़गार के अवसरों से जोड़ा

रायबरेली में दलित युवाओं से बातचीत में राहुल गांधी ने ज़ोर देकर कहा कि रोजगार के अधिक अवसरों के लिए अंग्रेजी शिक्षा बहुत ज़रूरी है। उन्होंने बीजेपी की आलोचना करते हुए कहा कि वे नहीं चाहते कि भारत के गरीब बहुजन बच्चे अंग्रेज़ी सीखे, जबकि उनके खुद के बच्चे विदेशों में पढ़ते हैं।





## दलित युवाओं को सुनने के लिए पैदल यात्रा

दरभंगा में अंबेडकर वेलफेयर छात्रावास जाते समय बिहार पुलिस ने राहुल गांधी को रोक दिया, जिसके बाद वह छात्रों से मिलने, बातचीत करने और शिक्षा में न्याय और समावेश पर ज़ोर देने के लिए 2.5 किलोमीटर से ज़्यादा पैदल चले।

# जनता की आवाज़ का प्रतिनिधित्व



## मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ आवाज़ उठाना

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने एकतरफा तरीके से दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना, मनरेगा को खत्म कर दिया। उन्होंने बताया कि मनरेगा एक अधिकार-आधारित योजना थी जिसने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और गांवों में एक सुरक्षा कवच का काम किया।



## पुंछ के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हुए

पुंछ में अंधाधुंध पाकिस्तानी गोलीबारी के बाद जिसमें 13 नागरिकों की जान चली गई, राहुल गांधी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री से एक ठोस पुनर्वास पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया।



## जुबीन दा की याद में

राहुल गांधी ने असम के सोनपुर में जुबीन गर्ग जी को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की।



## देश की सेवा करने वालों का समर्थन

राहुल गांधी ने संसद भवन में CAPF के रिटायर्ड जवानों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिन्होंने अपर्याप्त कल्याणकारी योजनाओं और सेवानिवृत्ति लाभ पर चिंता व्यक्त की।



## संसद में पंजाब के बाढ़ संकट का मुद्दा उठाया गया

राहुल गांधी ने पंजाब में आपदा प्रभावित इलाके का दौरा कर पीड़ित परिवारों के दुख दर्द को समझा और संसद में सवाल किया कि पंजाब को अभी तक एक व्यापक राहत पैकेज क्यों नहीं मिला है।



## स्वास्थ्य एक बुनियादी अधिकार है

दिल्ली AIIMS के बाहर कड़कती ठंड और गंदगी में रहने को मजबूर कर दिए गए मरीजों को राहुल गांधी ने सुना। उन्होंने मरीजों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी लिखा।

# कांग्रेस को मजबूत करना




### कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ाते हुए

AICC के अहमदाबाद अधिवेशन में कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और आरक्षण पर 50% सीमा को खत्म करने और निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण को लागू करने का संकल्प लिया।



### कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन

राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और सोनिया गांधी जी के साथ मिलकर नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नए मुख्यालय, इंदिरा भवन का उद्घाटन किया।



### जिला कार्यकर्ताओं का सशक्तिकरण

पूरे वर्ष राहुल गांधी, संगठन सृजन अभियान के तहत गुजरात, मध्य प्रदेश और हरियाणा के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेते रहे हैं।

**न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करने के लिए यहां क्लिक करें**